जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 अंक-9 जयपुर, सोमवार, 4 मार्च, 2024 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवाहर कला केन्द्र में जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा 2 से 4 मार्च तक आयोजित होने वाले 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का फीता खोलकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने 'एक खत मोदी जी के नाम' स्टॉल पर जाकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदेश लिखा तथा सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी भी ली।

शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि 'सशक्त महिला से समृद्ध समाज की ओर एक पहल' थीम पर



आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनियां, टॉक शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने दी सौगात- सफाई कर्मचारी के 24,797 पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार के 186 नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी के 24 हजार 797 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन 4 मार्च 2024 से प्रारम्भ होंगे। उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं।





## मृतक होमगार्ड्स जवानों के आश्रितों को मिले 30-30 लाख की सहायता

**लखनऊ (हमारा वतन)।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास 10-ए पर हरदोई जनपद में दुर्घटनावश जान गवाने वाले चार होमगार्ड्स स्वयं सेवकों के आश्रितों को एचडीएफसी बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा के अंतर्गत दिये जाने वाली सहायता राशि (30-30 लाख रूपये) का चेक प्रदान किया। स्व. होमगार्ड जगतपाल सिंह की पत्नी लक्ष्मी गौतम, स्व. कौशल किशोर की पत्नी सरोज कुमारी, स्व.विक्रम की पत्नी राजेश्वरी, स्व. अनंग पाल की पत्नी रीता पाल को चेक प्रदान किया। न्यूज ऑफ़ इंडिया (एजेंसी) के अनुसार प्रजापति ने कहा कि इसके अतिरिक्त 05-05 लाख रूपये की सरकारी सहायता राशि मुख्यमंत्री सहायता कोश के माध्यम से पहले ही इनको विभाग द्वारा दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स जवान यदि बैंक का एटीएम कार्ड प्रयोग करे तो 05 लाख रूपये दुर्घटना सहायता राशि के अतिरिक्त बैंक प्रदान करेगा। सभी जिला कमाण्डेंट को उन्होंने निर्देश दिये कि इसके बारे में होमगार्ड्स जवानों को जागरूक करें। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि होमगार्ड्स जवान का मौत हो जाना दुखद है, परन्तु लगभग 40 लाख की सहायता राशि द्वारा कुछ हद तक उनकी आर्थिक मदद हो सकेगी।

## इनाया फाउंडेशन ने बहरोड में आयोजित किया समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम

**अलवर (हमारा वतन)।** अलवर जिले के बहरोड में समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम आरसीएससीई इनाया फाउंडेशन एवं आरएचआई मग्नेसिटा द्वारा अलवर जिले के बहरोड में समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम आर सी एस सी ई इनाया फाउंडेशन एवं आर एच आई मग्नेसिटा द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गेन्दी देवी बहरोड, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय स्कूल नंबर 3, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहीद धर्मेंद्र यादव राजकीय अपर प्राइमरी स्कूल नंबर आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम गुड टच- बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पोस्को एक्ट 2012 और बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन जानकारी दी गयी। इनाया फाउण्डेशन के टीम सदस्य रोहित शर्मा ,योगेन्द्र कुमार





उपस्थित रहे । जिन छात्राओं ने जवाब दिया उन्हें जी टी बी टी मेडल ,ट्रोफी इत्यादि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर आर एच आई के द्वारा सम्मानित किया गया तथा सही जवाब देने वाली छात्राओं को उपहार दिए गए।

इनाया फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम गुड-टच बैड- टच, जीटी बीटी, समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो के माध्यम से बच्चों को सही व गलत स्पर्श के बारे में समझाया जा रहा है। समझेंगे बच्चे तभी तो अपने हक के लिए लड़ेंगे बच्चे जिसे नाम दिया गया गुड - टच, बैड- टच, समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो। विभिन्न स्कूलों में एवं कई गांवों में जाकर छात्राओं को सही व गलत स्पर्श की जानकारी दी गई, साथ ही आम लोगों को भी जागृत करने के प्रयास किए गए। कार्यक्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गेन्दी देवी बहरोड प्रधानाचार्य सतीश कुमार यादव, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल नंबर 3 प्रधानाचार्य कमलेश यादव, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बहरोड प्रधानाचार्य रामकला यादव, शहीद धर्मेंद्र यादव राजकीय अपर प्राइमरी स्कूल नम्बर 1 प्रधानाचार्य किरण यादव एवं अध्यापिकाओं ने सहयोग किया।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सौगात- आयुष्मान राजस्थान के लिए 2 हजार 800 से अधिक नये चिकित्सा संस्थान खोलने की स्वीकृति

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राजस्थान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने तीन वित्तीय वर्ष (2023-24 से 2025-26) के लिए कुल 2671.41 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसमें 2274 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 430 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण और 108 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) की स्थापना के लिए कुल 2006.78 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। साथ ही केन्द्र सरकार ने पीएचसी और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 528.18 करोड़ रुपये, शहरी पीएचसी में डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 41.11 करोड़ रुपये और बीपीएचयू, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएम) और आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएम) के लिए 95.35 करोड़ रुपये के भी प्रावधान किए गए हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की इस स्वीकृति पर आभार प्रकट करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस सौगात से आयुष्मान भारत और आयुष्मान राजस्थान का संकल्प साकार होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से गांव-ढाणी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुगमतापूर्वक मिल सकेंगी।

## निकिता राठौड़ ने जीता राजस्थान कल्चरल फैशन शो 2024 का खिताब






**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर स्थित होटल वी वन प्राइड में गोल्ड इवेंट के तत्वाधान में राजस्थान कल्चरल फैशन शो का भव्य आयोजन हुआ। राजस्थान कल्चरल फैशन शो का खिताब निकिता राठौड़ ने जीता जबकि अन्नू पंचाल फर्स्ट रनर अप रही व हीना शर्मा सेकंड रनर अप,कोमल शेखावत थर्ड रनर अप रही । इस अवसर पर अन्य टाइटल में बेस्ट वाक अनुसीका मेडतवाल, बेस्ट एटीट्यूड तमन्ना शेखावत, बेस्ट ऑय कांटेक्ट खुशी मीणा, बेस्ट कॉन्फिडेंस सेजल शेखावत, बेस्ट फोटोजेनिक मनस्वी गोस्वामी, बेस्ट इमर्जिंग मॉडल अनीता नेहरा, बेस्ट पर्सनैलिटी निधि शर्मा, बेस्ट स्माइल ईशा अधिकारी रही।

आयोजक राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में चार चांद निवारा अकादमी के छात्रों द्वारा बनाई गई ड्रेस और पी एश लॉन्च सलून के मेकअप से लगे। कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेसडर दीपिका पारगी रही जबकि फिल्म मेकर और वरिष्ठ पत्रकार महावीर सोनी ब्रांड आइकन रहे ।

# अविवाहित लड़कियां भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए कर सकेंगी आवेदन

**जयपुर (हमारा वतन)।** अब अविवाहित लड़कियां भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के लिए अर्वेदन कर सकेंगी। सरकार के इस फैसले से हजारों युवतियों के लिए इन पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। अभी तक विधवा, दिव्यांग या शादीशुदा ही आवेदन कर सकती थीं।

इस बारे में महिला एवं बाल विकास शासन सचिव कृष्ण कुणाल का कहना है कि आंगनबाड़ी मानदेय कर्मचारियों की चयन शर्तों में भी संशोधन के लिए सरकार के स्वीकृति मिल गई है।



अविवाहित महिलाओं को भी इन पदों पर काम करने का अवसर मिलेगा।

❒ राजस्थान में जो भी साथिन दो वर्ष के काम का अनुभव रखती हैं उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में चार बोनस अंक दिए जाएंगे।

❒ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और साथिनों के मानदेय में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# पंडित रविन्द्राचार्य ने किया आईजी अशोक गुप्ता का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने पुलिस मुख्यालय जयपुर में आईजी अशोक गुप्ता का सम्मान किया। पंडित रविन्द्राचार्य ने इस दौरान बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, श्याम कलम भेंट की। इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुकेश व्यास, एएसआई हनुमान सहायक गुर्जर,यशपाल सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# शिक्षक ने पत्नी के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को वितरित की स्टेशनरी

**उदयपुर (हमारा वतन)।** उदयपुर जिले के सायरा ब्लॉक के शिक्षक व साहित्यकार नरेन्द्र शास्त्री ने अपनी धर्मपत्नी ज्योति यादव के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की।

इस अवसर पर 70 से अधिक किट का वितरण किया गया । अन्नाराम हिंगड़ ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की।

इस दौरान अन्नाराम हिंगड़ ने कहा शतेषु जायते शूरः सहस्त्रेषु च पण्डितः। वक्ता दशसहस्त्रेष दाता भवति वान वा।

इस अवसर पर भंवरलाल घोघरा, नरेन्द्र शास्त्री, गेहरीलाल मेघवाल, विष्णु सामरिया, सुनील कुमारी, अन्नाराम हिंगड़ सहित सभी स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे ।

# अच्छाई संस्था ने कच्ची बस्ती में दिया नृत्य प्रतिभा को बढ़ावा

**जयपुर (हमारा वतन)।** अच्छाई संस्था द्वारा जगतपुरा सरस्वती नगर स्थित कच्ची बस्ती में नृत्य प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए लड़कियों को नृत्य प्रशिक्षण दिया गया । संस्था अध्यक्ष विनीत शर्मा ने बताया कि डांसर रागिनी शर्मा द्वारा बस्ती की लड़कियों को डांस स्टेप्स सिखाए गए व बालिका कृष्णा, सुशीला को नृत्य के लिए पुरुस्कार से सम्मानित किया गया । टीम द्वारा शहर की अनेक बस्तियों में नियमित साक्षरता अभियान के साथ खेलकूद, नृत्य, ड्राइंग, कंप्यूटर शिक्षा, आत्म सुरक्षा, सफाई, अच्छे व्यवहार आदि गुणों कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है । इस दौरान विनीत शर्मा, रागिनी शर्मा, सुनीता गुप्ता, धीरेश जैन आदि मौजूद रहे ।





# कोटा से खाटूधाम जा रही पदयात्रा का साई मंदिर में हुआ भव्य स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा से खाटूधाम जा रही पदयात्रा का ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर के महंत केप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के सानिध्य में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।

महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि हर साल फागुन में कोटा से खाटूधाम की पदयात्रा हमारे मंदिर में ठहरती है।

इस दौरान सभी पद यात्रियों का माला और प्रतीक चिन्ह भेंटकर मान सम्मान किया और रात्रि को प्रसादी और रहने की व्यवस्था की गई । पदयात्रा समिति के पदाधिकारी दिनेश केप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के मान सम्मान से भाव विभोर दिखे।

# आरबीएसईः स्टूडेंट्स को 86 फीसदी से अधिक उपस्थिति पर ही मिलेंगे तीन अंक

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स की स्कूल में उपस्थिति को लेकर शिक्षा विभाग गंभीर हो गया है। इन दोनों क्लासेज की बोर्ड परीक्षा में उपस्थिति के तीन में से तीन अंक लेने के लिए 86 फीसदी क्लासेज में उपस्थित रहना होगा। पहले 90 प्रतिशत से ज्यादा उपस्थिति पर तीन अंक दिए जाने तय थे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि अब 75 से 80 परसेंट से अधिक उपस्थिति वाले स्टूडेंट्स को एक अंक, 81 से 85 परसेंट उपस्थिति वाले छात्र को दो अंक दिए जाएंगे।

यदि 86 परसेंट से ज्यादा उपस्थिति दी है तो तीन में से तीन अंक दिए जाएंगे। गौरतलब है कि 75 परसेंट से कम उपस्थिति होने पर स्टूडेंट्स एग्जाम के लिए भी अयोग्य घोषित हो जाते हैं।



इससे पहले ये तय किया गया था कि 90 फीसदी से अधिक उपस्थिति पर ही स्टूडेंट्स को तीन में से तीन अंक दिए जाएंगे। अब इसमें पांच परसेंट उपस्थिति की छूट देते हुए 86 परसेंट से अधिक उपस्थिति पर ये अंक मिलेंगे।



# शहीदों की कलश यात्रा का देवथला में हुआ भव्य स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** भारत देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए निकाली जा रही एक यात्रा शहीदों के नाम कारगिल माटी कलश यात्रा का ग्राम पंचायत देवथला-निवाणा में पहुंचने पर पूर्व जिला पार्षद हनुमान सहाय दुसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद ने कहा कि यह ये वही देश के सैनिक हैं जिन्होंने हमारी रक्षा के लिए, इस धरती माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए । इन सभी को हम शीश नवाते हैं। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा के नेतृत्व में केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का किया भव्य स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** सालासर जाते समय उद्योग एवं कौशल विकास मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उद्योग सैनिक कल्याण खेल एवं युवा संबंधित कई विषयों पर प्राप्त



ज्ञापनों को भी मंत्री को प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान जिला मंत्री श्रवण सैनी, युवा मोर्चा के ओमप्रकाश पुरी, जेपी तिवारी, रविंद्र योगी, दिनेश सैनी, मधुसूदन शर्मा, एससी मोर्चा के गुलजारीलाल गंगवाल, ओमप्रकाश पारीक, मोहित शर्मा, परमेश्वर शर्मा, राजेश जीतरवाल, जी एल बाजिया, गिरिराज जांगिड़ आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## जॉब्स-

1. संघ लोक सेवा आयोग, पद आईएएस/आईएफएस, पद संख्या 1206, अंतिम तिथि 5 मार्च 2024
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीजीटी संस्कृत एजुकेशन, पद संख्या 347, अंतिम तिथि 6 मार्च 2024
3. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एलडीसी/क्लर्क, पद संख्या 4197, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, छात्रावास अधीक्षक, पद संख्या 112, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड सेकंड, पद संख्या 300, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
6. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद महिला सुपरवाइजर, पद संख्या 209, अंतिम तिथि 21 मार्च 2024
7. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद छात्रावास अधीक्षक ग्रेड सेकंड, पद संख्या 335, अंतिम तिथि 17 मार्च 2024
8. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड महिला सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पद संख्या 202, अंतिम तिथि 21 मार्च 2024




# एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर लगाए गंभीर आरोप, बोलीं- वो सेट पर मुझे पीटते और डांटते थे

मलयालम एक्ट्रेस ममिता राजू का आरोप है कि डायरेक्टर बाला उन्हें डांटते और पीटते थे। ममिता बैजू ने बताया कि वह बाला की फिल्म वनंगान में काम रही थीं पर बीच में छोड़ दी।ममिता बैजू ने एक इंटरव्यू में आपबीती सुनाई है और बताया कि सेट पर क्या कुछ हुआ था।मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममिता पहले बाला के साथ उनकी फिल्म वनंगान में काम कर रही थीं, पर बाद में उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। ममिता बैजू ने बताया कि बाला उन्हें सेट पर डांटते थे और मारपीट भी करते थे। वनंगान में ममिता बैजू को बतौर लीड हीरोइन साइन किया गया था। फिल्म में हीरो सूर्या था। लेकिन बाद में दोनों ही स्टार्स ने फिल्म बीच में छोड़ दी।Surya ने बाला की यह फिल्म क्रिएटिल डिफ्रेंस के कारण छोड़ी थी। बाद में उनकी जगह फिल्म में एक्टर सूर्या को साइन कर लिया गया। लेकिन Mamitha Baiju ने फिल्म मारपीट की वजह से छोड़ी। इस बारे मे उन्होंने 94.3 क्लब एफएम को दिए इंटरव्यू में बताया।ममिता बैजू ने कहा, फिल्म में विलादिचम्पातु नाम की कोई चीज है, और इसे देखकर मैंने पूछा कि क्या मैं यानी फिल्म में मेरा किरदार लंबे समय से इसकी प्रैक्टिस कर रहा है या क्या इसे ऐसे दर्शाया गया है जैसे वह पहली बार इसकी प्रैक्टिस कर रही है। मुझे बताया गया कि मेरे किरदार को व्यापक अनुभव वाला दिखाया गया है। तो ऐसी स्थिति में मुझे तो माहिर होना चाहिए ना? क्योंकि परफॉर्म करते वक्त आपको ड्रम बजाते हुए गाना होता है और यह एक खास अंदाज में भी होता है।ममिता बैजू ने आगे बताया, फिर बाला ने मुझसे एक महिला की ओर इशारा किया, जो एक विलादिचम्पातु कलाकार थी। बाला ने मुझसे कहा कि मैं उसे वह परफॉर्म करते हुए देखूं। जैसे ही मैंने देखा तो उन्होंने कहा ठीक है और फिर अनाउंस कर दिया कि हम टेक के लिए जा रहे हैं। मैं हैरान थी और इसके लिए तैयार नहीं थी।



**ममिता बोलीं- बाला मुझे पीटते थे और कहा था कि गलत बातें बोलेंगे-** ममिता बैजू ने फिर कहा, मुझे यह भी समझ नहीं आया कि वो क्या गा रहे थे। इसे सीखने के लिए मुझे तीन बार कोशिश करनी पड़ी।

# 24 कैरेट गोल्ड केक पर आया उर्वशी रौतेला का रिएक्शन,कहा- उसके ऊपर के सारे गोल्ड पेटल्स को मैंने...

उर्वशी का ये बर्थडे बेहद ही खास रहा। इस साल उन्होंने एक दो लाख नहीं, बल्कि पूरे 3 करोड़ का केक काटा। ये केक 24 कैरेट सोने का बना था, जिसे रैपर हनी सिंह ने एक्ट्रेस को गिफ्ट किया था। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 25 फरवरी अपना 30वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उर्वशी का ये बर्थडे बेहद ही खास रहा। इस साल उन्होंने एक दो लाख नहीं, बल्कि पूरे 3 करोड़ का केक काटा। ये केक 24 कैरेट सोने का बना था, जिसे रैपर हनी सिंह ने एक्ट्रेस को गिफ्ट किया था। हर तरफ उर्वशी के इस गोल्ड केक की चर्चा हो रही है। इस केक पर फैंस के मजेदार रिएक्शन भी सामने आए थे। ऐसे में अब इस गोल्ड केक पर एक्ट्रेस का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने बताया कि इस केक को देखकर उन्हें कैसा लगा था।



**गोल्ड का केक पर आया उर्वशी रौतेला का रिएक्शन-** उर्वशी रौतेला का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस से उनके 24 कैरेट गोल्ड का केक के बारे में पूछा जा रहा है, जिस पर उन्होंने अपना रिएक्शन दिया है। वीडियो में उर्वशी कहती हैं, लोगों ने सवाल किए कि इसको खाते हैं या संभाल कर रखते हैं। यकीनन ये बेहद खूबसूरत केक है।

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# बच्चे का अजनबियों से डर ऐसे होगा खत्म

आपका हमेशा खिलखिलाने वाला बच्चा क्या आपके दोस्तों व रिश्तेदारों को देखकर डर जाता है? आपके पीछे छिपने लगता है या फिर रोने लगता है? अगर वो बार-बार ऐसा करता है तो इस बात को नजरअंदाज न करें और यह समझने की कोशिश करें कि आखिर बच्चा ऐसा क्यों कर रहा है। बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट में साइकोलॉजिस्ट डॉ. पल्लवी जोशी बताती हैं कि यदि बच्चा दिन भर में घर के ही दो या तीन सदस्यों से मिलता है तो अजनबी को देखकर उसका डरना, बेचैन होना, डरकर पेरेंट्स के पीछे छिप जाना या उन्हें पकड़ लेना बेहद स्वाभाविक है। यदि आप हमेशा बच्चे को घर में ही रखती हैं, उसे कहीं बाहर घुमाने नहीं लेकर जाती हैं, तो भी अनजान लोगों को देखकर बच्चे का डरना लाजिमी है। वह किसी अजनबी से बात करने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं है, इसलिए वह विरोध करता है। अगर आपके बच्चे में भी ऐसे लक्षण हैं तो इस दौर से बाहर निकालने में आप उसकी मदद कर सकती हैं



**बच्चे को सहज महसूस करवाएं:** सबसे पहले इस बात को समझें कि सात-आठ माह से  लेकर एक साल तक के बच्चे द्वारा ऐसा व्यवहार करना बिल्कुल सहज है। अगर इससे बड़ा बच्चा अजनबियों को देखकर डरता है तो उसका यह व्यवहार चिंताजनक है। बच्चे को अजनबी से मिलने में सहज करने के लिए उसे घर, स्कूल व पार्क में अपने दोस्तों से मिलवाएं, उनसे बात करना सिखाएं। पर, दबाव डालकर उसे किसी के पास भेजने की गलती न करें। बच्चे को सहज होने के लिए कुछ समय दें और किसी भी नये व्यक्ति से मिलवाते समय आप उसके आस-पास ही रहें। बच्चे को अकसर सार्वजनिक जगहों पर लेकर जाएं। इससे उसे एक साथ ढेर सारे लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। ऐसा करने से धीरे-धीरे उसके मन से अजनबी से मिलने का डर निकल जाएगा।

**उनकी संवेदनशीलता को समझें:** अपने बच्चे के डर को नजरअंदाज न करें। यदि आपका बच्चा किसी नए व्यक्ति के सामने तुरंत सहज नहीं हो पाता है तो नए व्यक्ति से घुलने-मिलने के लिए उस पर दबाव नहीं बनाएं। उसे बार-बार यह न कहें कि शर्माओ नहीं, बात करो या जाकर उनके साथ खेलो। बच्चा अगर किसी नए व्यक्ति के सामने असहज हो रहा है तो उसे गले लगाएं और गोद में लेकर उस व्यक्ति के सामने से हट जाएं, जिसकी उपस्थिति में वह असहज हो रहा है। बच्चे को यह विश्वास दिलाएं कि आप उससे गुस्सा या नाराज नहीं हैं।

**बच्चे को पहले से तैयार करें:** बच्चे को अचानक किसी से नए व्यक्ति से न मिलवाएं। बच्चे को मानसिक रूप से पहले से ही तैयार करें कि आप उसे किसी नए व्यक्ति से मिलवाने वाली हैं। उसे यह समझाएं कि आने वाला मेहमान मेरा करीबी है और वो आपसे भी दोस्ती करना चाहते हैं। अपने दोस्तों को भी बच्चे की परेशानी पहले से समझा दें। जिस प्रकार आप बच्चे को समझाती हैं, उसी प्रकार मेहमानों को भी समझा दें कि आपका बच्चा अचानक किसी से मिलने पर परेशान हो जाता है, इसलिए वे उसे जबरदस्ती गोद में लेने या प्यार करने की कोशिश न करें।

**धैर्य बनाए रखें:** बच्चे के साथ डील करते वक्त धैर्य बनाए रखना बहुत जरूरी है। उसका डर एक दिन में खत्म नहीं होगा। अगर आप बच्चे पर दबाव डालेंगी तो इसका उस पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता हैं। इसकी जगह खेल-खेल में उसे अजनबी लोगों का सामना करना सिखाएं। बच्चे के साथ कोई खेल खेलें और खेल में कभी खुद तो कभी बच्चे को अजनबी की भूमिका निभाने को कहें। उसे यह सिखाएं कि किसी अजनबी व्यक्ति से उसे कैसे मिलना है और यदि कोई अजनबी जबर्दस्ती प्यार करे या उसे गोद में उठाए तो उस समय उसे क्या करना है।

# ज्ञान गंगा: हमारे पाप उतने ही तो कटेंगे, जितनी उनकी संख्या होगी

हमारे पाप समाप्त होने की तो सीमा हो सकती है। हमारे पाप उतने ही तो कटेंगे, जितनी उनकी संख्या होगी। माना कि श्रीराम जी की कथा व गुनगान श्रवण करने से हमारे पाप तो कट गये, लेकिन उसके बाद भी श्रीराम कथा श्रवण करने का फिर क्या लाभ?

गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस जैसा महान ग्रंथ कोई ऐसे ही नहीं लिखा गया। इसमें अगर श्रीराम जी की कृपा का अपार प्रभाव है, तो गोस्वामी जी की अनंत श्रद्धा व प्रेम का भी योगदान है। हालाँकि कोई यह भी कह सकता है, कि जब वाल्मीकि ने पहले ही रामायण का लेखन कर दिया था, तो गोस्वामी तुलसीदास जी को एक अन्य रामायण लिखने की क्या आवश्यक्ता पड़ गई थी? तो इसका उत्तर यह है, कि श्रीराम जी की लीला को कितना भी गाया जाये, वह उतना ही कम है। प्रभु श्रीराम जी की लीला केवल इसलिए ही नहीं गाई जाती, कि इससे हमारे पाप कटते हैं बल्कि इसलिए भी गाई जाती है कि श्रीराम जी की दिव्य लीलायों को हम जितना भी गाते हैं, श्रीराम जी से हमारा प्रेम उतना ही प्रगाढ़ होता है और प्रभु के प्रेम को आप सीमा में कैसे बाँध कर देख सकते हैं। प्रेम आकाश की मानिंद होता है। कोई आकाश को कितना भी पा ले, क्या उसे पूरा पाया जा सकता है? कितना भी आकाश को माप लिया जाये, आगे देखेंगे, तो आकाश को और अनंत पायेंगे। इसी प्रकार प्रभु से प्रेम भी आकाश की तरह अनंत ही होता है। उसे जितना पाया जाये, उतना ही कम है।हमारे पाप समाप्त होने की तो सीमा हो सकती है। हमारे पाप उतने ही तो कटेंगे, जितनी उनकी संख्या होगी। माना कि श्रीराम जी की कथा व गुनगान श्रवण करने से हमारे पाप तो कट गये, लेकिन उसके बाद भी श्रीराम कथा श्रवण करने का फिर क्या लाभ विश्वास कीजिएगा, श्रीरामकथा का वास्तविक लाभ तो आरम्भ ही तब होता है, जब आपके सिर से पापों की गठड़ी थोड़ी हल्की हो जाती है। कारण कि पापों के प्रभाव से हमें श्रीराम जी की लीलायों में रस ही नहीं आता है।  हमें उनके जीवन चरित्र सुहाते ही नहीं। हमारा मन प्रभु चरित्र सुनते ही व्याकुल होने लगता है। हम उबने लगते हैं। बाहर से भले ही हम प्रगट न करें, लेकिन भीतर तो विद्रोह के भाव उमड़ रहे होते हैं। पाप का प्रभाव हमारे जीवन में ऐसे है, जैसे हमारे तन को बुखार हो गया हो। बुखार के कारण जैसे हमारी भूख चली जाती है। ठीक वैसे ही पापों के प्रभाव से हमें श्रीराम जी की कथा की भूख नहीं लगती।

(आलेख )

# तनाव कितनी देर तक लेना है यह तय करें

एक बार एक मनोविज्ञान के प्रोफेसर कक्षा में स्ट्रेस मैनेजमेंट पढ़ा रहे थे। तभी उन्होने पूछा, मैं कितना भारी पानी का गिलास पकड़ा हूँ? छात्रों ने आठ औंस से लेकर दो पाउंड तक कहा। प्रोफेसर ने कहा, मेरे दष्टिकोण से इस गिलास का भार कितना है, यह कोई मायने नहीं रखता। मैं इसे कितनी देर के लिए पकडता हूं यह महत्वपूर्ण है। अगर मैं इसे एक या दो मिनट के लिए पकडता हूं, तो यह हल्का है। अगर में इसे एक घंटे के लिए सीधा रखता हूं, तो इसके वजन से मेरे हाथ में दर्द हो सकता है। यदि मैं इसे एक दिन के लिए सीधा पकडूं तो मेरे हाथ में ऐंठन, सुन्नता या लकवाग्रस्त तक होने की आंशका है। गिलास का वजन नहीं बदलता लेकिन मैंने कितनी देर तक इसे पकड़ा यह मेरी तकलीफ बढ़ा सकता है। अर्थात् जीवन में आप किसी भी समस्या के बारे में थोड़ी देर के लिए ही सोचें। अगर आप दिनभर उसके बारे में सोचेंगे तो सुन्न और लकवाग्रस्त महसूस करेंगे और जब तक सोंचेगें कुछ भी करने में असमर्थ रहेंगे। इसलिए तनाव अधिक लेने से सिर्फ समस्या बढ़ेगी, समाधान नहीं निकलेगा।

**तुषार योगी (ड्रग एक्सपर्ट)**


# फार्म- 4

## ( नियम 8 देखिए )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों  के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार(एकमात्र स्वामी) हों। | : राम गोपाल सैनी वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |

मैं राम गोपाल सैनी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

(राम गोपाल सैनी)
प्रकाशक के हस्ताक्षर

दिनांक : 4 मार्च, 2024

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# अब मंदिरों की आय पर निगाह


राम गोपाल सैनी


अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के भव्य निर्माण से आनंदित हिंदुओं के उत्साह, उल्लास, उमंग को समाप्त करने के प्रयास हो रहे हैं। राममंदिर के हर्ष से निर्मित देश के प्रसन्नचित्त मानस को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि अब इटली-रोम संचालित कांग्रेस को हिंदू होने का जज़िया कर दो और देश में दोयम दर्जे का नागरिक कहलाओ। भारत में जज़िया कभी ग्यारहवीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी ने लगाया था। यह कर केवल हिंदुओं से उनके धर्म निर्वहन हेतु वसूला जाता था। वसूली भी निर्ममता से होती थी। मुग़लकाल के जज़िया कर वसूलने के निर्दयी, रक्तरंजित व दिल दहला देने वाले अंतहीन क़िस्से अब भी हमारे इतिहास में यहां-वहां बिखरे हुए पड़े हैं। मुस्लिम आक्रमणकारियों के शासनकाल में हिंदू व्यक्ति, संस्थान, परंपराओं पर कर लगाये जाते थे और इसका मुख्य उद्देश्य यह होता था कि व्यक्ति स्वयं को देश में दोयम दर्जे का महसूस करके अपमानित हो। मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना इसका उद्देश्य होता था ताकि तंग होकर व्यक्ति या संस्थान अपना धर्म छोड़ दे, धर्मांतरण कर ले या कम से कम अपनी रीति-नीति-पद्धति-परंपरा को तो छोड़ ही दे। यही दुष्कृत्य अब कांग्रेस सरकार कर रही है। एक ओर उसका तत्कालिक लक्ष्य है कि मंदिरों की आय सरकारी ख़ज़ाने में चली जाये और दूसरी ओर उसका दीर्घकालीन लक्ष्य है कि श्रद्धालु मंदिरों को दान देना ही बंद कर दें। मंदिरों में दान नहीं आएगा तो धर्म का विस्तार नहीं होगा, हिंदुत्व दुर्बल होगा और तब कांग्रेस अपना रोम का मिशनरी एजेंडा चला पाएगी। यह सब आपको राजनीतिक शब्दावली लग सकती है, किंतु सत्य यही है। वस्तुतः यह सब कांग्रेस के डेढ़ सौ वर्षीय हिंदुत्व विरोधी जेनेटिकल स्ट्रक्चर का परिणाम है। रह-रहकर कांग्रेस की यह मुग़ल व एडविना माउंटबैटन की आनुवंशिकी बाहर आती है और हिंदुत्व विरोधी कारनामे करती रहती है। मान लो, कर्नाटक कांग्रेस सरकार के ख़ज़ाने भरने को विवश ये बेबस मंदिर यदि आज ही चर्च या मस्जिद में बदल जाएं तो वो इनसे टैक्स नहीं वसूलेगी। यही तो मुग़लों का भी लक्ष्य था। खिलजी और मुग़लों का वो जज़िया कर ही रूपांतरित होकर अब फिर भारत में लौट आया है। इस बार औरंगज़ेब का रूप धरा है कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने! अब वह जज़िया वसूलेगी!! कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने यह तुगलकी फ़रमान जारी किया है। कांग्रेस ने गत सप्ताह कर्नाटक विधान परिषद में हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक पेश किया। विधान परिषद में अल्पमत के कारण कांग्रेस इसे पारित नहीं करा पाई है। इस संशोधन विधेयक में प्रस्ताव है कि 10 लाख से अधिक और एक करोड़ रुपये से कम की वार्षिक आय वाले मंदिरों को पांच फीसदी और एक करोड़ रुपये से अधिक की आय वाले मंदिरों को अपनी वार्षिक आय का दस प्रतिशत कर के रूप में राज्य सरकार को देना होगा। मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा। और, यही होने भी वाला है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार अपनी निर्धनता को ढाँकने के लिए हिंदू मंदिरों के चढ़ावे की राशि का उपयोग करना चाह रही है। सबसे बड़ी तानाशाही की बात यह है कि कर्नाटक सरकार केवल हिंदू मंदिरों से टैक्स वसूलने हेतु यह विधयेक लाई है। मस्जिदों और चर्चों को इससे ठीक वैसे ही छूट दी हुई है जैसे मुग़ल औरंगज़ेब और अन्य तुग़लक़ व खिलजी जैसे विदेशी आक्रांताओं के समय दी जाती थी। अब कर्नाटक में हिंदू मंदिर जज़िया कर से सरकारी खजाना भरेंगे और मुस्लिम मस्जिदें इस ख़ज़ाने का आनंद लेंगी! कर्नाटक में दो सौ पाँच मंदिरों की आय पच्चीस लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है, ये मंदिर ए समूह में रहेंगे और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को दस प्रतिशत कर देंगे। एक सौ तिरानवे मंदिर की आय पांच से पच्चीस लाख के रुपए के मध्य है; ये मंदिर अपनी आय में से पांच प्रतिशत का हिस्सा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को देंगे। कांग्रेस सरकार केवल यहीं नहीं रुकने वाली है! उसका यह कुचक्र और आगे बढ़ते हुए प्रदेश के शेष चौंतीस हज़ार मंदिरों को कर देने की श्रेणी में लाने की है। अपनी आय पांच लाख से कम बताने वाले इन मंदिरों का सख्त शासकीय ऑडिट करके अब इनसे भी आय का पांच प्रतिशत भाग जज़िया कर के रूप में वसूलने की दुरभिसंधि का प्रारंभिक चरण है यह।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-



## सत्ता गंवाने के तीन महीने बाद अशोक गहलोत ने खाली किया सीएम बंगला

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सत्ता से बाहर होने के लगभग तीन महीने बाद सरकारी आवास खाली कर दिया है और बंगला नंबर 49 में शिफ्ट हो गए हैं, जो नई सरकार के गठन के बाद उन्हें आवंटित किया गया है। राजस्थान में गहलोत को सत्ता से बाहर हुए लगभग तीन महीने हो गए हैं, लेकिन पूर्व सीएम और अन्य पूर्व मंत्रियों ने अभी तक अपने आधिकारिक बंगले खाली नहीं किए थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ओटीएस (ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल) में अस्थायी आवास में रह रहे हैं, क्योंकि सीएम का आधिकारिक आवास गहलोत द्वारा खाली नहीं किया गया है। सीएमओ अधिकारियों ने पुष्टि की कि शर्मा होली के बाद बंगले में आएंगे। न सिर्फ वर्तमान सीएम, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी समेत कुछ अन्य मंत्री भी सरकारी आवास आवंटित होने का इंतजार कर रहे हैं। राज्य के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा ने अभी तक अपने बंगले खाली नहीं किए हैं। स्पीकर देवनानी को आवंटित बंगला नंबर 48 को खाचरियावास ने अभी तक खाली नहीं किया है। डोटासरा द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा बंगला नंबर 385 नए मंत्री विजय सिंह चौधरी को आवंटित किया गया है। राज्य मंत्री किरोड़ी लाल मीणा बंगला नंबर 14 का इंतजार कर रहे हैं, इसे पूर्व विधायक नरपत सिंह राजवी के परिवार ने खाली नहीं किया है। राज्य सरकार ने सरकारी बंगले खाली करने की समयसीमा तीन फरवरी तय की थी।

## 7 मार्च को जयपुर में होगा पिंक रत्न अवार्ड 2024 का आयोजन




जयपुर (हमारा वतन )। बेटियों को समर्पित बेटी फाउंडेशन के तत्वाधान में केटीसी पिक रत्न अवार्ड 2024 का आयोजन 7 मार्च को जयपुर में किया जाएगा। आयोजक राहुल शर्मा और राज शर्मा ने बताया कि 7 मार्च को दोपहर 3 बजे से जयपुर स्थित मिस्टिक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सेलिब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस रितु शिवपुरी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केटीसी ग्रुप के चेयरमैन वॉटरप्रूफिंग किंग राज खान रहेंगे । इस अवार्ड शो में 51 महिला और 51 पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा।

## निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं बुनकर ने किया निदेशालय का निरीक्षण

जयपुर(नि.सं.)। निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओपी बुनकर ने शुक्रवार को प्रातः कार्यालय समय में निदेशालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कई कक्षों में गंदगी देख कर्मचारियों अधिकारियों को अपने कक्ष में साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निदेशक ने कहा कि कार्यालय परिसर के साथ-साथ सभी कक्षों में सफाई व्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने पत्र-पत्रावलियों को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्नीचर व्यवस्था के लिए केयरटेकर और स्टोर इंचार्ज को निर्देश दिए तथा अवांछित सामग्री के निस्तारण के भी निर्देश दिए।

(कविता)

## परीक्षा

आने से जिसके चढ़े बुख़ार।
जाने से ख़ुशी का बढ़े ख़ुमार।
होती दुखदायी है,जीवन में परीक्षा।
जिन्दगी में हो ना अगर तो,
मिले न प्रगति का ज्ञान।
दे संकेत बताती कितना,
शिक्षा के प्रति विहित ध्यान।
अन्तर्मन के गुणदोषों की
करती है जो सबकी समीक्षा।
होती दुखदायी है,
जीवन में परीक्षा।
संघर्ष क्षमता संगठनात्मक योजना,
करती नये ज्ञान का अवसर प्रदान।
सामाजिक व्यक्तिगत स्तर पर भी,
प्रगति मापदंड़ों को करती आसान।
श्रमशील को निज
श्रम फल खातिर,
सदा रहती है जिसकी प्रतीक्षा।
होती दुखदायी है,
जीवन में परीक्षा।
मेहनत से जो कभी जी ना चुराते,
वे लक्ष्य साध सफलता पाते हैं।
कल पर टाल जो समय गवांते,
वे हाथ पर हाथ धरे रह जाते हैं।
परिश्रमी आनंद अनुभूति के संग,
समाज में पाते हैं बेशुमारी प्रतिष्ठा।
होती दुखदायी है,
जीवन में परीक्षा।



**–महेन्द्र सिंह कटारिया, नीमकाथाना, राजस्थान**

(कविता)

## नारी

उर्मिला का त्याग पवित्र
रामायण से पढ़ लेना
नारी का सम्मान
हमेशा हाथ जोड़कर कर लेना
लक्ष्मीबाई के इतिहास का
पन्ना हर कोने में पढ़ लेना
नारी के बलिदान की गाथा
इतिहास उठाकर पढ़ लेना
सती सावित्री यहीं हुई थी
यम हार गया उसके आगे
और मीरा बनी थी जोगन
रंग महलों को ठुकरा के
पद्मावत के जौहर का
किस्सा चित्तौड़ दुर्ग में पढ़ लेना
कुंभलगढ़ का इतिहास
उठाकर पन्नाधाय को पढ़ लेना
नारी का सम्मान हमेशा
हाथ जोड़कर कर लेना
नारी के बलिदान की गाथा
इतिहास उठाकर पढ़ लेना
सीता मां का हरण किया
तब रावण कुल का नाश हुआ
पांचाली को कर अपमानित
कौरव कुल इतिहास हुआ
व्योम पटल के तारों में
एक अलग सितारा मिल जाएगा
कल्पना चावला का
नाम विज्ञान उठाकर पढ़ लेना
नारी तू नारायणी स्वीकार
इसे सब कर लेना
नारी का सम्मान
हमेशा हाथ जोड़कर कर लेना
नारी के बलिदान की गाथा
इतिहास उठाकर पढ़ लेना

**-विनोद शर्मा वेणु, नेछवा, सीकर**



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसैट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा